पत्रांक–18 / वि०–1–02 / 2022...1124

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

योगेन्द्र सिंह, (भा०प्र०से०)
निदेशक माध्यमिक शिक्षा–सह–नोडल पदाधिकारी,
DBT, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक–13/11/2024

विषयः– **मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं अन्य योजनाओ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में अपंजीकृत लाभुकों के संबंध में।**

महाशय,

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं अन्य योजनाओ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में क्रमशः 53447, 41609 एवं 60030 लाभुकों का पंजीकरण कतिपय कारणों से नहीं हो पाने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल सका है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं अन्य योजनाओ का लाभ सभी पात्र लाभुकों को उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री के जनता दरबार, लोक शिकायत में भी इस तरह की अनेक शिकायतें प्राप्त होती हैं कि पात्रता रखने के बावजूद भी यह लाभ नहीं मिल पा रहा है। समीक्षोपरांत यह पाया जा रहा है कि लाभुकों को पात्रता रखने के बावजूद भी जानकारी के अभाव में इस लाभ से वंचित रह रहें है, जिसके कारण कई बार विभाग को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के लाभुकों की सूची जिलावार, वर्षवार, विद्यालयवार एवं लाभुकवार उपलब्ध कराया जा रहा है। निदेश दिया जाता है कि विद्यालयों के माध्यम से लाभुकों से संपर्क कर लाभुकों का रजिस्ट्रेशन मेधासॉफ्ट पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र लाभुक इस लाभ से वंचित नहीं रह पाये। आवश्यकतानुसार इस योजना का प्रचार–प्रसार भी किया जाए एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी अपने स्तर से प्रचार–प्रसार कर लाभुकों को सूचित करें।

अनु०–**यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(योगेन्द्र सिंह)
निदेशक माध्यमिक शिक्षा–सह–नोडल पदाधिकारी,
DBT, शिक्षा विभाग, बिहार पटना।